# RASHTRIYA LOKNEETI PARTY



## एडवोकेट अंबिका श्याम एक सैनिक की बेटी

...बुनियाद लोकतंत्र की

## मण्डी संसदीय क्षेत्र के मेरे प्रिय मतदाताओं !

आज तक जिन पार्टियों ने शासन की बागडोर संभाली, वे सभी हम पर मात्र राज करती रहीं अन्यथा देश में कोई भी आंदोलन न होता। सत्ता के मद में राजनेता शासन करते रहें और जनता शासित होती रही। यह व्यवस्था एक व्यक्ति को सुरक्षा की गारंटी आज तक नहीं दे सकी।

इसका उदाहरण यह है कि हमारे देश में :

- ★ लगभग 46 प्रतिशत नेता आपराधिक छवि के हैं जो सभी पार्टियों में हैं।
- ★ मानव तस्करी पर कोई राजनैतिक दल बात तक नहीं करता है। ऐसे हज़ारो बच्चें महिलाएं तथा मज़दूर जिन्हें बंधुआ बनाकर बाहरी दुनिया से वंचित रखा जाता है। दूसरा मानव अंगों की तस्करी से जुड़ा अति जघन्य मामला है।
- ★ लगभग 90 महिलाओं के साथ हर दिन अपराध होते हैं।
- ★ लगभग 2 करोड़ बच्चे सड़कों/गलियों में लावारिस घूमते हैं।
- ★ लगभग 25 करोड़ लोग रात को भूखे सोने को मज़बूर हैं।
- ★ देश में करोड़ों परिवारों के पास अपना घर नहीं हैं।
- ★ भ्रष्टाचार में हमारा 80वां स्थान हैं।
- ★ लगभग 20 करोड़ बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।
- ★ लगभग 15 प्रतिशत देश में अन्न हर वर्ष बर्बाद होता है।

चुनाव चिन्ह



लैपटॉप

- ★ मंहगाई में पेट्रोल 100 रुपये के पार है और सिमेंट खरीदना आम इंसान के बस में नहीं रहा है। स्टील 3600 रुपये से 6500 रुपये के पार है, गैस सिलेंडर 1000 रुपये से ज़्यादा कीमत पर ही सब्सिडी ख़त्म होने के बाद रसोई में पहुंच पा रहा है।
- ★ बेरोजगारी 14 प्रतिशत से भी अधिक है।
- ★ जाति और धर्मों में देशवासियों का बंटवारा कर राजनैतिक रोटियां सेकी जा रही है।
- ★ देश 1 लाख 8000 करोड़ से ज़्यादा कर्ज़ के बोझ तले दबा हुआ है।
- ★ देश में मां-बहनों व बेटियों को सुरक्षा प्रदान करने में सबसे लाचार व्यवस्था है।
- ★ किसानों-बागवानों को माफिया नीति के अंतर्गत आत्महत्या के लिए मज़बूर किया जा रहा है।

क्योंकि राजनीति पर आधरित व्यवस्था में सत्ताधीशों की आंखों पर पट्टी बंधी रहती है। उन्हें अपना स्वार्थ ही नज़र आता है अन्य कुछ नहीं। अपने लिए अलग कानून और दूसरों के लिए अलग। इसका उदाहरण यह है कि :

- आप दो जगह से वोट नहीं दे सकते हैं जबकि राजनेता दो जगह से चुनाव लड़ सकता है।
- एक सामान्य व्यक्ति जेल में होने से वोट नहीं दे सकता है जबकि एक नेता जेल से चुनाव लड़ सकता है।
- यदि कोई सामान्य व्यक्ति किसी भी छोटी-मोटी घटना में जेल जाता है तो जीवनभर उसे सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती है जबकि नेताओं पर अनगिनत मुकद्दमें भी हों तो भी वे मंत्री या प्रधानमंत्री तक बन सकते हैं।
- बैंक में एक सामान्य नौकरी के लिए स्नातक यानि ग्रेजुएट होना आवश्यक है जबकि एक अंगूठाछाप नेता भी वित्त मंत्री बन सकता है।
- सेना में शामिल होने के लिए एक उम्र की सीमा तय है जबकि 80 वर्ष का वृद्ध नेता भी रक्षामंत्री बन सकता है तथा कभी भी स्कूल न जाने वाला नेता भी शिक्षा मंत्री बन सकता है। सैंकड़ों अपराधाों में संलिप्त नेता पुलिस का मुखिया यानि गृहमंत्री बन सकता है।
- सरकारी कर्मचारी 30-35 वर्षों के बाद भी पेंशन नहीं ले पाता है जबकि विधायक, सांसद, मंत्री अलग-अलग रहे पदों से आजीवन अलग-अलग पेंशन लेने का आन्नद उठाते हैं।
- देश धर्मान्धता की आग में जलने लगा है, यहां तक कि समुदाय विशेष त्यौहारों व उत्सवों को मनाने में भी पाबंदी लगाने लगा है, सरकार मूकदर्शक बनी रहती है।

मतदाताओं ! अब जागने का समय आ गया है। अब हमारा शासन कोई राजनेता न करें अपितु हम सभी लोग अपने लिए स्वयं की शासन प्रणाली लागू करें। **अब देश राजनीति से नहीं -लोकनीति से चलेगा**, क्योंकि लोकनीति लोगों की नीति है। लोगों के विकास के लिए बनाई जाने वाली नीति है जहां **एक देश-एक कानून- एक व्यवस्था व एक पहचान** होगी। जहां जाति मात्र मनुष्यता होगी और धर्म मात्र राष्ट्रीयता। विवेकानंद,

*Data resource Google

लक्ष्मीबाई, भगत सिंह व सुभाष चंद्र बोस आदि के इस देश को पुनः जागृत होना होगा। यह श्रीराम की मर्यादा और श्रीकृष्ण के विवेक की भूमि है । इसकी रक्षा करना हर एक भारतवासी का कर्तव्य है। आज नहीं जागे तो कभी नहीं जगेंगे। देश की नीलामी व सौदेबाजी हर स्तर पर होने लगी है । यहां तक कि उच्च पद पाने में भी सौदेबाजी का सिलसिला शुरु हो गया है। देश अभी भी कश्मीरी पंडितों की पीड़ा से उभरा नहीं, सरकारें आती गई और मूकदर्शक होकर देखती रहीं । अकारण घर से उजाड़े गए लोगों को यह देश अब तक न्याय नहीं दे सका । वातावरण तालिबानी स्थिति की ओर जाने वाला बनता जा रहा है । स्थिति अफगानिस्तान जैसी न बने इसलिए जागृत होना आवश्यक है ।

इन सभी बातों को आप बेहतरी से जानते हैं जो चुनावी मुद्दों में गौण हो जाती हैं । लेकिन ऐसी जानकारी का क्या उपयोग जहां हम मात्र झेलते रहे और झेलते ही रहेगें, जब तक कि व्यवस्था में आमूल-चूक परिवर्तन न किया जाए । अन्यथा पीढ़ी दर पीढ़ी यह संक्रमण बढ़ता जाएगा। इसलिए अगली पीढ़ी को यदि एक स्वच्छ व सुखद वातावरण देना चाहते हैं तो वोट देने से पहले यह ज़रुर सोचें कि आपने आज तक वोट देने से क्या मिला ?

राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी चिंतनशील तथा विकासोन्मुख विशेशज्ञ राष्ट्रभक्तों का एक समूह हैं जिसने देश की समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यापक मसौदा बनाया है। हमारा यह दायित्व भारतमां के प्रति कर्तव्य के रुप में आपके समक्ष प्रस्तुत है । हमारा चिंतन है कि इस जीवन में हम अपने सटीक कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, पवित्रता व ईमानदारी के साथ करें ताकि ईश्वर को मुहं दिखाने में संकोच न हो। यह सब ईश्वरीय प्रेरणा है कि अब देश भ्रष्ट व्यवस्था व कुटिल चिंतन से ऊपर उठे। इसलिए आपसे विनम्र निवेदन है कि आप सभी इस महान यज्ञ में आहुति देने के लिए आगे आए और राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी को अपना वोट और समर्थन दें।

### मण्डी लोकसभा क्षेत्र विकास परिदृश्य


हमारा मंडी लोकसभा का विकास परिदृश्य पार्टी के राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ अलग से संलग्न है ।

- और कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग में विस्थापितों के पुनर्वास तथा फैक्टर-2 के अनुसार सभी को समानरुप से मुआवज़ा प्रदान करने की पहल की जाएगी।
- हवाई पट्टी के निर्माण के लिए उपजाऊ भूमि के प्रयोग की जगह वैकल्पिक भूमि की तलाश करनी आवश्यक है अन्यथा भूमि विस्थापितों के पुनर्वास के साथ-साथ मुवावजा फैक्टर-4 के अनुसार प्रदान करना होगा ।
- बागवानों को सेब के भंडारण के लिए पंचायत स्तर पर कोल्ड स्टोर स्थापना की पहल तथा फल-सब्ज़ियों की प्रोसैसिंग के लिए ईकाइयां लगाने की पहल होगी ।
- सेना में हिमाचल के युवाओं को अधिकाधिक योगदान हेतु हिमाचल रेजिमेन्ट की स्थापना की पहल।
- आदि -आदि ।

आपको सहर्ष यह सूचित करना यहां आवश्यक है कि राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी ने देश की समस्याओं की जड़ की सटीक पहचान कर ली है और वह है ' दलीय व्यवस्था'। हमें आने वाले समय में दलहीन व्यवस्था की ओर जाना होगा । समाधान सदैव के लिए आपके पास होगा । अब वर्तमान व्यवस्था में राजनीति से चल रही पार्टियों को समाप्त करने की आवश्यकता है तथा लोकनीति पर आधारित व्यवस्था कायम करनी होगी ।

हमें अपने सांस्कृतिक धरोहर तथा आध्यात्मिक क्रियाशीलता को उजागर करना होगा। इसकी शुरुआत इस पावन धरा मंडी लोकसभा सीट से होने जा रही है और आप-हम सभी इस पुनीत कार्य के साक्षी बनने जा रहे हैं ताकि निराश हुई भारत की जनता को आशा की नई किरण सुकून प्रदान कर सकें। लोकनीति को समर्थन की प्रार्थना के साथ **हमारी युवा उम्मीदवार, एक सैनिक की बेटी एडवोकेट अंबिका श्याम को अपना वोट और सहयोग चुनाव चिन्ह लैपटॉप बटन दबाकर अपना आशीर्वाद दें।**

www.rashtriyalokneeti.org



**ब्रिगेडियर बी के खन्ना**
राष्ट्रीय मुख्य संयोजक



**एडवोकेट अंबिका श्याम**
सांसद प्रत्याशी मण्डी



**डी एन चौहान**
संयोजक, हिमाचल प्रदेश




मुद्रक प्रदीप कुमार जरेट द्वारा एसोसिएट प्रैस, सायबू निवास समीप सेक्टर-2, बस स्टैंड, मिडल मार्केट न्यू शिमला-9, हि.प्र. से प्रकाशित एवं मुद्रित एक लाख प्रिंट